प्रादेशिक समाचार

26.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

**1.** चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू को लेकर जारी किया परामर्श, न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का दिया निर्देश।

**2.** रांची प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक ने अंतरराज्यीय सीमा मुरी, पुरुलिया, श्याम नगर और सोनाहातु बॉर्डर का किया निरीक्षण, आने–जानेवाले सभी वाहनों को जांच का दिया निर्देश।

**3.** रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज भी होली की धूम, रंगोत्सव पर जमकर बरसे रंग–गुलाल, हर ओर उल्लास और उमंग का माहौल।

**4.** हॉकी इंडिया ने वार्षिक पुरस्कारों के लिए खिलाड़ियों के नाम का किया ऐलान, झारखंड की सलीमा टेटे और दीपिका सोरेंग भी मनोनीत खिलाड़ियों में शामिल।

***************

निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू के संबंध में परामर्श जारी किया है। इसमें कहा गया है कि मौसम विभाग ने गर्मी के मौसम के दौरान सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना व्यक्त की है, जिसके कारण मार्च से जून के बीच लंबे समय तक भीषण गर्मी और लू की स्थिति पैदा हो सकती है। आयोग ने इस सिलसिले में गर्मी के असर से बचाव के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिकरण की ओर से जारी–क्या करें और क्या न करें संबंधी सलाह की प्रतियां साझा की हैं। परामर्श के अनुसार लोगों को धूप में निकलने, विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे दिन के बीच बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। साथ ही उन्हें आवश्यक मात्रा में पानी पीने के लिए कहा गया है। लोगों को बासी खाना खाने से परहेज करने की भी सलाह दी गई है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन आधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर पेयजल और छाया की न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

***************

चुनाव आयोग सी–विजिल ऐप के जरिए चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर रख रहा है। यह ऐप आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों की रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान के लिए है। इस ऐप के जरिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की फोटो, वीडियो लेकर ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है।

***************

लोकसभा चुनाव को देखते हुए रांची प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक ने आज अंतरराज्यीय सीमा मुरी, पुरुलिया, श्याम नगर, और सोनाहातु बॉर्डर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को चौबीस घंटे अंतराज्जीय सीमा से आने–जाने वाले हर वाहनों की जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मादक पदार्थों, शराब और नकदी समेत चुनाव को प्रभावित करने वाले अन्य वस्तुओं पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया।

***************

रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज चुनाव कार्य लगे कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बैठक हुई। बैठक में श्री कुमार ने ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया, जो मतदान दिवस पर आवश्यक सेवा में लगे रहेंगे। उधर बोकारो की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चुनाव कार्य में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान करने की जानकारी दी गयी। गौरतलब है कि चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव में पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान करने की सुविधा दी गयी है।

***************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। राजभवन के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज भी होली मनायी जा रही है। रंगोत्सव को लेकर हर ओर उल्लास और उमंग का माहौल है। होली पर रंगों की बरसात से खास और आम सभी सराबोर नज़र आये। बच्चों और युवाओं में रंगोत्सव को लेकर उत्साह देखते ही बन रहा था। लोग एक–दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनायें दी। इधर रांची में हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पुलिस का बाइक दस्ता लगातार गश्त लगा रहा है। रांची जिला बल के अलावा रैफ और होम गार्ड के जवानों को हर चौक–चौराहों पर तैनात किया गया है।

****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में होली और बाहा के साथ–साथ कई पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है।

****************

नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री और तस्करी रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जिला मुख्यालय के निजी बस पड़ाव से ओड़िसा के चार गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि तस्करों के पास से पचास किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। उधर जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार किलोग्राम गांजा, नशीले टैबलेट, प्रतिबंधित सीरप और करीब पन्द्रह हजार रूपये के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

****************

गोड्डा जिले के मेहरमा थाना क्षेत्र के भगैया दुर्गा पोखर में डूबने से दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

****************

एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग जलवायु केन्द्र के पूर्वानुमान के अनुसार भारत में जुलाई से सितंबर के बीच मॉनसून चरम पर होगा, जिससे भारत में औसत से अधिक वर्षा होने की संभावना है। इसमें अप्रैल से जून और जुलाई से सितंबर के लिए दो अलग–अलग आकलन किये गये हैं। इससे पहले मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा था कि अल नीनो के कारण इस वर्ष भीषण गर्मी का सामना करना पड सकता है। हालांकि गर्मी के बाद अल नीनो निष्क्रिय होने की संभावना है। वहीं ला नीना के कारण भारत में मानसून के उत्तरार्द्ध में अच्छी वर्षा हो सकती है।

****************

हॉकी इंडिया ने छठे हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों के लिए मनोनीत सदस्यों की आज सूची जारी की है। इस सूची में झारखंड की सलीमा टेटे और दीपिका सोरेंग शामिल हैं। यह पुरस्कार आठ श्रेणियों में दिये जाएंगे। वार्षिक पुरस्कारों की कुल राशि सात करोड़ छप्पन लाख रूपये होगी। यह पुरस्कार कैलेंडर वर्ष 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिये जाएंगे। छठे वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन आगामी 31 मार्च को नई दिल्ली में होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पदम्श्री दिलीप कुमार तिर्की ने कहा कि मनोनीत सदस्यों का चयन एक चुनौतीपूर्ण काम था, लेकिन हालिया समय में बेहतर प्रदर्शन को प्राथमिकता देते हुए यह कार्य संपन्न किया गया। इधर हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार प्रतिभाओं को मान्यता देनेवाला होगा और हमें अपने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर गर्व है।

*******समाप्त*******